भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण
TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA

सत्यमेव जयते

ई-न्यूज़लेटर
E-NEWSLETTER

भादूविप्रा
TRAI

अप्रैल 2021

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण और सूडान के बीच 6 अप्रैल 2021 को एक आशय–पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर किए गए

1. परामर्श पत्र

1.1 ट्राई ने ''लो बिट रेट अनुप्रयोगों के लिए सेटेलाइट आधारित कनेक्टीविटी हेतु लाइसेंसिंग फ्रेमवर्क'' पर परामर्श पत्र जारी किया

सेटेलाइट संचार प्रौद्योगिकियो के विकास के साथ लो बिट आधारित अनुप्रयोगों के नए प्रकार सामने आ रहे हैं। ये अनुप्रयोग अनेक क्षेत्रों यथा कृषि, स्मार्ट खेती, गहरे पानी के अनुप्रयोग, मिशन–क्रिटिकल सेवाओं, तेल एवं गैस, मत्स्य पालन, वानिकी, खनन, औद्योगिक लॉजिस्टिक्स, रेलवे, रिमोट यूटीलिटीज, आपदा के लिए तैयारियों, इत्यादि के लिए लाभ प्रदान करते हैं।

दूरसंचार विभाग ने सेटेलाइट आधारित लो बिट–रेट सेवाओं के संबंध में मौजूदा प्रावधानों की तंगियों को देखते हुए, दिनांक 23 नवंबर, 2020 के अपने पत्र द्वारा ट्राई से ''वाणिज्यिक एवं कैप्टिव उपयोग हेतु सेटेलाइट आधारित लो बिट–रेट अनुप्रयोगों के प्रावधान को समर्थ बनाने के लिए लाइसेंसिंग फ्रेमवर्क'' पर सिफारिशें प्रस्तुत करने का अनुरोध किया था।

इस संबंध में, 21 मार्च 2021 को ''लो बिट रेट अनुप्रयोगों के लिए सेटेलाइट आधारित कनेक्टीविटी हेतु लाइसेंसिंग फ्रेमवर्क'' पर एक परामर्श पत्र जारी किया गया था, जिसमें हितधारकों की टिप्पणियां मांगी गई थी।

परामर्श पत्र में लो–बिट–रेट–अनुप्रयोगों हेतु सेटेलाइट कनेक्टीविटी के विभिन्न मॉडलों, सेटेलाइट तारामंडल के प्रकार, संभावित आवृति बैंड्स, विदेशी सेटेलाइट का उपयोग, सेटेलाइट सेवाओं हेतु वर्तमान लाइसेंसिंग फ्रेमवर्क, व्यापार सुगमता और भारत में सेटेलाइट आधारित सेवाओं को किफायती बनाने से जुड़े मुद्दों, इत्यादि पर चर्चा की गई। परामर्श पत्र को नीचे दिए लिंक द्वारा देखा जा सकता है:

https://trai.gov.in/sites/default/files/CP_12032021.pdf

2. वेबिनार

2.1 "5जी–परिचय, ईको सिस्टम विकास, अनुप्रयोग और नियामक पहलू" पर वेबिनार

ट्राई दूरसंचार सेवाओं से जुड़े उपभोक्ता हितों के महत्वपूर्ण विषयों पर सेमिनार आयोजित करता है। प्रतिभागियों को जानकारी देने के लिए विषयों पर बोलने के लिए डोमेन विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाता है। मौजूदा महामारी के समय ऐसे कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित किए जा रहे हैं।

2.2 इस क्रम में, ट्राई ने 5 मार्च 2021 को क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता के माध्यम से "5जी–परिचय, ईको सिस्टम विकास, अनुप्रयोग और नियामक पहलू" पर एक वेबिनार का आयोजन किया।

"5जी–परिचय, ईको सिस्टम विकास, अनुप्रयोग और नियामक पहलू" पर 5 मार्च 2021 को आयोजित वेबिनार

वेबिनार का शुभारंभ श्री ए. मुनीशेखर, सलाहकार, कोलकाता के स्वागत भाषण से हुआ। श्री संजीव बंज़ाल, सलाहकार, (आईटी एवं सीए) ने इस अवसर पर प्रमुख भाषण दिया। उन्होंने आज के मोबाइल संचार में 5जी प्रौद्योगिकी के महत्व, व्यक्तियों और उद्योगों पर इसके प्रभाव के बारे में बताया।

डॉ संदीप चक्रवर्ती, सहायक प्रोफेसर, आईआईटी खड़गपुर, ने इस प्रौद्योगिकी के साथ आने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण बदलावों के बारे में बताया । एरिक्सन इंडिया के उपाध्यक्ष श्री सुब्रत कुमार मित्रा ने 5जी में विभिन्न प्रकार के अनुप्रयोगों और दैनिक जीवन पर उनके प्रभाव पर चर्चा की। दूरसंचार विभाग के उप महानिदेशक (अंतर्राष्ट्रीय संबंध) श्री वी. रघुनंदन ने भारत में 5जी की तैयारियों, 5जी के टेस्ट बेड की तैयारी, 5जी शुरू करने के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण में दूरसंचार विभाग की भूमिका पर अपनी बात रखी। श्री सैयद तौसीफ अब्बास, सलाहकार (एनएसएल), ट्राई ने भारत में 5जी शुरू करने के लिए स्पेक्ट्रम की आवश्यकता, 5जी के उपयोग के मामलों और नियामक पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया।

वेबिनार में विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, व्यापार मंडलों, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधियों, बीबीएनएल और दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, सरकारी अधिकारियों ट्राई के उपभोक्ता पक्षसमर्थक समूहों (सीएजी) और आम उपभोक्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, कई जिज्ञासु युवा छात्रों ने इस प्रौद्योगिकी के नए पहलुओं को समझने के लिए वक्ताओं के साथ सवाल–जवाब किए।

2.1 "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और दूरसंचार में उपयोग" पर वेबिनारः

दूरसंचार सेवाओं जुड़े उपभोक्ता हितों के महत्वपूर्ण विषयों पर संगोष्ठियों की क्रम में, ट्राई ने 17 मार्च 2021 को क्षेत्रीय कार्यालय, बैंगलोर के माध्यम से "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और दूरसंचार में उपयोग" पर एक वेबिनार का आयोजन किया।

श्री श्रीनिवास एस. गलगली, सलाहकार, ट्राई, बैंगलौर ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की जानकारी दी। वेबिनार का उद्घाटन श्री. संजीव बंज़ाल सलाहकार (आईटी एवं सीए), ट्राई ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व और विभिन्न क्षेत्रों में इसके उपयोग पर प्रकाश डाला।

"आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और दूरसंचार में उपयोग" पर 17 मार्च 2021 को आयोजित वेबिनार

श्रीमती शिखा श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रबंधक, सी–डॉट, दिल्ली ने "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं अनुप्रयोग का परिचय" पर अपनी बात रखी। श्री रॉबर्ट रवि, डीडीजी, ने "एआई में मानकीकरण – भारतीय एआई स्टैक का निर्माण" पर बात की। श्री सुब्रत कुमार, उपाध्यक्ष, एरिक्सन इंडिया, ने "दूरसंचार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस" के बारे में बताया।

वेबिनार में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों के संकाय सदस्य, छात्र, उपभोक्ता पक्षसमर्थक समूह (सीएजी), सरकारी विभागों के अधिकारी, दूरसंचार सेवा प्रदाता और उपभोक्ता शामिल थे।

3. अन्य सूचना

3.1 28 फरवरी 2021 को दूरसंचार सब्सक्रिप्शन के आंकड़ें

विवरण	वायरलैस	वायरलाइन	योग (वायरलैस+वायर लाइन)
शहरी टेलीफोन उपभोक्ता (मिलियन में)	639.24	18.47	657.72
ग्रामीण टेलीफोन उपभोक्ता (मिलियन में)	528.47	1.71	530.18
कुल टेलीफोन उपभोक्ता (मिलियन में)	**1167.71**	**20.18**	**1187.90**
समग्र टेली–घनत्व (%)	85.78	1.48	87.26
शहरी सब्सक्रिप्शन का हिस्सा (%)	54.74	91.52	55.37
ग्रामीण सब्सक्रिप्शन का हिस्सा (%)	45.26	8.48	44.63
ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या (मिलियन में)	725.12	22.29	747.41

फरवरी 2021 में पीक वीएलआर की तिथि पर सक्रिय वायरलैस उपभोक्ताओं की संख्या 981.92 मिलियन थी।

फरवरी 2021 के दौरान, 11.68 मिलियन उपभोक्ताओं ने एमएनपी के लिए अनुरोध किए। एमएनपी सुविधा शुरू होने से लेकर फरवरी 2021 के अंत तक कुल 563.92 मिलियन उपभोक्ता इस सुविधा का लाभ उठा चुके हैं।

3.2 डिजिटल एड्रेसेबल सिस्टम (डीएएस) की लेखापरीक्षा करने के लिए 1 मार्च 2021 को लेखापरीक्षकों का पैनल (अद्यतन सूची)

भादूविप्रा डिजिटल एड्रेसेबल सिस्टम की लेखापरीक्षा करने के लिए समय–समय पर लेखापरीक्षकों के पैनल की अद्यतन सूची जारी करता है। इस संबंध में, ट्राई ने 1 मार्च 2021 को लेखापरीक्षकों के पैनल की अद्यतन सूची जारी की है।

4. कार्यक्रम

4.1 मार्च 2021 के दौरान, निम्नलिखित ऑनलाइन उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए:

क्र. सं.	स्थान	तिथि
1	हरियाणा	4 मार्च 2021
2	महाराष्ट्र एलएसए	9 मार्च 2021
3	मध्य प्रदेश	18 मार्च 2021
4	आन्ध्र प्रदेश	23 मार्च 2021
5	बैंगलोर	24 मार्च 2021
6	बिहार और झारखंड	25 मार्च 2021
7	पंजाब	26 मार्च 2021
8	तेलंगाना	26 मार्च 2021

फोटो दीर्घा

4 मार्च 2021 को हरियाणा में आयोजित उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम (सीओपी)

18 मार्च 2021 को मध्य प्रदेश में आयोजित उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम (सीओपी)



25 मार्च 2021 को बिहार और झारखंड में आयोजित उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम (सीओपी)

26 मार्च 2021 को पंजाब में आयोजित उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम (सीओपी)

इस न्यूजलैटर में उल्लिखित निर्देशों/आदेशों/परामर्श पत्र/रिपोर्ट, सब्सक्रिप्शन के आंकड़ों आदि का पूरा विवरण भादूविप्रा की वेबसाइट ***www.trai.gov.in*** *पर भी उपलब्ध है।*

महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, (पुराना मिंटो रोड़) नई दिल्ली–110002

हम फेसबुक पर भी हैं! जुड़िये हमारे साथ!

https://www.facebook.com/TRAI/

हम ट्विटर पर भी हैं! आइये हमारे साथ! ***TRAI@TRAI***